संख्या-127/2024/I/525747/2024/23-11099(099)/61/2023

प्रेषक,

राजेश प्रताप सिंह,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊः दिनांक 21/03/2024**

विषयः- जनपद लखनऊ में लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-56) के कि0मी0 10 में अर्जुनगंज के समीप मरीमाता मन्दिर के निकट 04 लेन एलीवेटेड फ्लाईओवर, पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं अण्डर पास कार्य की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निरस्त किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (सेतु) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-1231(1)/प्रा0आ0-मरी माता मन्दिर/लखनऊ/बी0एम0सी0/24, दिनांक 09-03-2024 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरो के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के निर्माण के नये कार्य योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-287/2023/I/395064/2023/23-11099(099)/61/2023, दिनांक 25-09-2023 द्वारा जनपद लखनऊ में लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग (पुराना राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-56) के कि0मी0 10 में अर्जुनगंज के समीप मरीमाता मन्दिर के निकट 04 लेन एलीवेटेड फ्लाईओवर, पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं अण्डर पास कार्य की व्यय-वित्त समिति से अनुमोदित लागत रू0 17772.62 लाख (रूपये एक अरब सतहत्तर करोड़ बहत्तर लाख बासठ हजार मात्र) की प्रदान की गयी प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति को एतद्द्वारा निरस्त करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में उक्त कार्य हेतु अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 4443.15 लाख (रूपये चौव्वालिस करोड़ तैतालिस लाख पन्द्रह हजार मात्र) को, उस पर अब तक अर्जित किए गये कुल ब्याज सहित राजकोष में जमा किए जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- उक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-E-8-1476-X-2023-24- दिनांकः 20-03-2024, मे प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे है।

भवदीया,

(राजेश प्रताप सिंह)
उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0, लखनऊ।
10- मुख्य कोषाधिकारी, आदर्श कोषागार, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।
11- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
12- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
13- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
14- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
15- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
16- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
17- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश प्रताप सिंह)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in